एक नजर में

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**बैतूल।** कई ग्रामीण अपने स्वास्थ्य के प्रति अनभिज्ञ रहते हैं और ब्लड आदि परीक्षण नहीं करवाते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समाज के वंचित, पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य सेवा प्रकल्प चलाती है।जिसमें शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास, सामाजिक समरसता और संस्कार आदि हैं। इसके तहत ग्राम रायपुर प्रखंड शाहपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मधुसूदन साहू एवं पहावाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचओ सुनीता परते एवं उनके साथ उनकी सहायिकाओं ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान परीक्षण करने पर कुछ ग्रामीणों को पहली बार पता चला की उनको मधुमेह और रक्तचाप की समस्या हैं। इस मौके पर डॉ .मधुसूदन साहू ने कहा कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी है। ऐसे क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों का संचालन निश्चित ही अच्छी पहल है। इस अवसर पर संगठन के विभाग संगठन मंत्री उमेश पाराशर, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला मंत्री श्याम राठौर सेवा प्रमुख शुभम चौरे, जिला संयोजक शुभम यादव, प्रखंड संयोजक बलराम यादव सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस शिविर का आसपास के भी सैकड़ों मरीजों ने लाभ उठाया।

### बच्चों का प्राथमिक शाला में एक्सपोजर विजिट

**बैतूल।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण के अंतर्गत सेक्टर बैतूल-2 के आंगनबाड़ी केंद्र कोसमी-01 के बच्चों का प्राथमिक शाला कोसमी में एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय की कक्षाओं, खेल मैदान एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा विद्यालय के बच्चों के साथ विभिन्न खेलों और गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत, कविता एवं कहानियां प्रस्तुत कीं। खेल-खेल में आयोजित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास विकसित हुआ। इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के प्रवेश को सहज, आनंददायक और आकर्षक बनाना है।

# 3 वर्षों में तैयार होंगे 910 आधुनिक फ्लैट

### मुख्यमंत्री ने किया आवास योजना का भूमिपूजन

**नागपुर.** नारी में विकसित की जा रही 'महर्षि सुदर्शन वाल्मीकि वसाहत' में सफाई कर्मचारियों के लिए 14 भवनों का निर्माण किया जाएगा जिनमें कुल 392 दो बीएचके (2 क्ााय) फ्लैट होंगे. इसके साथ ही, 'प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0' के अंतर्गत अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 'स्वप्नपूर्ति' योजना के तहत किफायती दरों पर कुल 518 एक और दो बीएचके फ्लैट बनाए जाएंगे. इस पूरी आवास परियोजना को अगले 3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जिसमें केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नीता ठाकरे ने की. सत्ता पक्ष नेता बाल्या बोरकर उपस्थित थे.

**सफाई कर्मियों को मिलेंगे 300 वर्गफुट के नि:शुल्क फ्लैट**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि श्रमसाफल्य आवास योजना के तहत राज्य के सभी पात्र सफाई कर्मियों को 300 वर्गफुट के मकान नि:शुल्क उपलब्ध कराने का सरकार का निर्णय बरकरार है. उन्होंने बताया कि इस आदर्श कॉलोनी में उद्यान, सामुदायिक भवन, सौर ऊर्जा प्रणाली, सीवेज उपचार प्रणाली, जल आपूर्ति और अन्य आधुनिक नागरिक सुविधाएं मौजूद होंगी. इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लाड पेज कमेटी की सिफारिशों के अनुसार जल्द ही मनपा में 500 योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी करने और सफाई कर्मियों के लंबित मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेने का भी आश्वासन दिया.



**पौधारोपण और सूचना पुस्तिका का अनावरण**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री द्वारा महर्षि सुदर्शन वाल्मीकि वसाहत और स्वप्नपूर्ति परियोजना की सूचना पुस्तिका का अनावरण किया गया और आयोजन स्थल पर पौधारोपण भी किया गया. समारोह में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, विधायक प्रवीण दटके, मनपा आयुक्त डॉ. विपिन इटनकर, पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी, स्थायी समिति सभापति शिवानी दाणी आदि उपस्थित थे.

### हॉस्पिटैलिटी में प्रवेश करें सफाई कर्मी : नितिन गडकरी

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य सरकार और मनपा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परिसर सफाई कर्मियों और बेघर नागरिकों को उचित आवास प्रदान करेगा. उन्होंने सफाई कर्मचारियों को स्वरोजगार अपनाने और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में प्रवेश करने की खास सलाह दी. गडकरी ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अपार अवसर हैं जिसके लिए उन्होंने विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने का सुझाव दिया. साथ ही उन्होंने गरीब नागरिकों को संपत्ति का अधिकार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की.

### घरकुल योजना को मुख्य सड़क से जोड़ना जरूरी

कार्यक्रम में महापौर नीता ठाकरे ने इन कॉलोनियों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए एक सड़क बनाने और जरूरतमंद नागरिकों के लिए घरकुल योजना लागू करने की मांग रखी. उपमहापौर लीला हाथीबेड ने प्रतिस्थापन के लिए निर्धारित 20 वर्ष की शर्त में छूट देने का अनुरोध किया. वहीं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सतीश डागोर ने इस दिन को सफाई कर्मियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि 22 जुलाई को सेवा गौरव दिवस मनाया जाएगा.

# स्कूल शुरू होने के बाद शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव

**नागपुर.** मनपा के शिक्षा विभाग की लचर कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब स्कूल शुरू होने को लंबा समय बीत जाने के बाद शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव स्थायी समिति से समक्ष भेजा गया है. इस पर आपत्ति जताते हुए स्वयं स्थायी समिति सभापति दानी ने पूरे विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया. उन्होंने कहा कि 4 वर्षों से प्रशासक राज रहा है. उस समय से ही शिक्षकों के पद रिक्त है. शिक्षकों के पद भरने में किसी भी तरह की आपत्ति नहीं होनी चाहिए थी, किंतु यह नहीं किया गया. इसी तरह की लापरवाही के चलते मनपा की 400 स्कूलों का आंकड़ा अब 100 पर आ गया है.

बहरहाल स्थायी समिति के समक्ष रखे गए शिक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को हरी झंडी प्रदान की गई. एक ओर जहाँ पवित्र पोर्टल के माध्यम से माध्यमिक स्कूलों और कनिष्ठ महाविद्यालयों में 53 नए शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है, वहीं दूसरी ओर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 9 खेल शिक्षकोंकी सेवा को 11 महीने के लिए विस्तार दिया गया है.

**खेल शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति और छात्राओं के लिए कराटे प्रशिक्षण**

मनपा स्कूलों में विद्यार्थियों विशेषकर बालिकाओं और महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट और कराटे का प्रशिक्षण अनिवार्य करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है. दस्तावेजों के अनुसार सत्र 2026-2027 के लिए पहले से नियुक्त 9 खेल शिक्षकों को 11 महीने का सेवा विस्तार दिया गया है.

इन शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य के कारण मनपा स्कूलों के विद्यार्थी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं. इन 9 शिक्षकों को प्रति माह 25,000 का मानदेय दिया जाएगा, जिस पर 11 महीनों के लिए कुल 24,75,000 का खर्च आएगा.

# सरकारी विभागों की लेटलतीफी पर हाई कोर्ट सख्त

**नागपुर.** मामलों की सुनवाई के दौरान लगातार सरकारी पक्ष की ओर से जवाब दायर करने के लिए समय मांगे जाने तथा समय देने के बावजूद निर्धारित समय पर शपथपत्र दायर नहीं किए जाने पर सरकारी विभागों में व्याप्त लालफीताशाही, लेटलतीफी और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर हाई कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया है.

अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकारी महकमों ने अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार नहीं किया और समय पर जवाब दाखिल नहीं किए तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा. इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव को हाल ही में 4 घंटे की मैराथन बैठक कर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए मजबूर होना पड़ा.

**लंबित जवाब और जुर्माने की चेतावनी**

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि कई मामलों में 3 से 4 महीने का समय बीत जाने और 4-4 बार मौके दिए जाने के बावजूद सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जाता है. अदालत ने यह साफ कर दिया है कि अगले सप्ताह से ऐसे मामलों में जहां पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद भी जवाब नहीं आएगा वहां बिना किसी हिचकिचाहट के जुर्माना लगाया जाएगा.

यह भी सामने आया कि न्यायालय द्वारा मामलों में तारीखें तय होने के बावजूद सरकारी वकील सुनवाई के दिन आकर सिर्फ समय की मांग करते हैं जो अदालती पेंडेंसी (लंबित मामलों) को बढ़ाने का एक बड़ा कारण है.

# जल्द बनेगा आधुनिक सब्जी मंडी व स्पोर्ट्स क्लब

**9 आरओबी, सबवे और अंडरब्रिज उद्घाटन अवसर पर बोले गडकरी**

**150 करोड़ की होगी लागत**

**नागपुर, निज संवाददाता.** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि शहर में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ पारडी क्षेत्र में बनने वाले फ्लाईओवर के अलावा स्थानीय व्यापारियों के लिए आधुनिक सब्जी मंडी तथा स्पोर्ट्स क्लब का निर्माण भी जल्द ही किया जाएगा. इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 150 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 40 करोड़ रुपये का योगदान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दिया जाएगा. वे वर्धमान नगर रेलवे क्रासिंग पर चार लेन वाले रोड ओवरब्रिज तथा राज्यभर में निर्मित 9 आरओबी, अंडरब्रिज और सब-वे के लोकार्पण समारोह बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, राज्यमंत्री आशीष जायसवाल, विधायक कृष्णा खोपड़े, चरणसिंह ठाकुर, महापौर नीता ठाकरे, स्टैंडिंग चेयरमेन शिवानी दानी, महारेल के महाप्रबंधक राजेशकुमार जायसवाल, दयाशंकर तिवारी, नगरसेवक तथा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

**कचरे से सीएनजी**

गडकरी ने कहा कि पूर्वी नागपुर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है तथा कचरे से सीएनजी उत्पादन की परियोजना भी शुरू की जा रही है. महारेल द्वारा राज्यभर में अनेक आधारभूत परियोजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है. साथ ही, मेट्रो परियोजना के कारण नागपुर की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ी है.

**'बाहरीनबाई सोनबोईर' के नाम होगा आरओबी**

सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि नागपुर में सड़क एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्य होने से सर्वांगीण विकास को गति मिली है. अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक संस्थाएं आई हैं.

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर हाई कोर्ट सख्त

**शेगांव स्थित गजानन महाराज मंदिर संस्थान ≈ अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण**

**नागपुर.** शेगांव स्थित गजानन महाराज मंदिर संस्थान के मातंगवाड़ी इलाके में अतिक्रमण हटाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है. कोर्ट ने शेगांव नगर परिषद की मुख्य अधिकारी और राज्य सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है. यदि अधिकारी अपना जवाब नहीं देते हैं तो मुख्य अधिकारी और अमरावती के विभागीय आयुक्त को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा. उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने 5 मई 2017 और 5 अप्रैल 2018 को मातंगवाड़ी इलाके से अतिक्रमणकारियों को हटाने का आदेश दिया था. इस कार्रवाई के तहत लगभग 15,000 वर्गफुट जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों का पुनर्वास किया गया था लेकिन 1,500 वर्गमीटर जमीन का कब्जा अभी तक नहीं सौंपा गया है.

**दुकानदारों को खाली करना था परिसर**

बचे हुए हिस्से के कुछ कब्जाधारकों ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 10 अप्रैल 2026 को अपने आदेश में स्पष्ट किया कि शेगांव नगर परिषद के स्वामित्व वाला एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स गांधी चौक पर पूरी तरह से तैयार है. यह कॉम्प्लेक्स आवेदकों के पुनर्वास के लिए है ।

**दुकानदारों को नोटिस की खानापूर्ति**

सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा खत्म होने के लगभग एक महीने बाद शेगांव नगर परिषद की मुख्य अधिकारी ने 21 मई 2026 को एक पत्र जारी कर दुकानदारों से जगह खाली करने का अनुरोध किया, ताकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना से बचा जा सके . न्या . अनिल किलोर और न्या . राज वाकोडे ने इस रवैये पर गहरी हैरानी जताते हुए कहा कि आदेश का पालन न होने की पूरी जानकारी होने के बावजूद मुख्य अधिकारी ने केवल अनुरोध किया . कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पत्र में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि अगर दुकानदार नोटिस के बाद भी जगह खाली नहीं करते हैं तो नगर परिषद आगे क्या कार्रवाई करेगी . कोर्ट ने कहा कि प्रथमदृष्टया यह साफ है कि शेगांव नगर परिषद की मुख्य अधिकारी और महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को उसकी वास्तविक भावना के साथ लागू करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठा रहे हैं .

**...तो अदालत में होना पड़ेगा हाजिर**

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने शेगांव नगर परिषद की मुख्य अधिकारी और संबंधित प्रतिवादियों को 17 जुलाई 2026 तक अपना स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है . अदालत ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि वे निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण देने में विफल रहते हैं तो शेगांव नगर परिषद की मुख्य अधिकारी और अमरावती के संभागीय आयुक्त को 17 जुलाई को सुबह 10 .30 बजे अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा .

# चोरी : दान पेटियों से 40 हजार ले गया चोर

**मुलताई।** नगर में नए टीआई के प्रभार लेने के बाद से चोरी की घटनाए लगातार हो रही है। अज्ञात चोरो ने अब मासोद रोड पंप हाउस के पास स्थित खाटू श्याम मंदिर हवेली को अपना निशाना बनाया है ।बताया जाता है शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने हवेली मंदिर की दानपेटी उठाकर खेत में ले जाकर पेटिया तोड़कर करीब 40 हजार रुपए चोरी कर ले गए ।चोरी से पहले चोरो ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काटे थे ।जिसके बाद खाटू श्याम महिला मंडल की महिलाए थाने पहुंची एवं घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटना स्थल का जायजा लिया।



पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है। घटना के दौरान मंदिर का चौकीदार और पुजारी सो रहे थे, इसलिए किसी को इसकी भनक नही लगी। सुबह जब पुजारी मंगला आरती करने मंदिर पहुंचे तो मंदिर में दान पेटिया नही मिली ।जिसकी सुचना श्रद्धालुओं को दी,तलाश करने पर मंदिर के पीछ खेत मे टूटी हुई पेटियां पडी हुई थी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दान पेटिया बरामद की। पुजारी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि दान पेटियो में करीब 40 हजार रुपए से अधिक की राशि होने का अनुमान है ।मंदिरो में लगातार हो रही चोरी की घटनाओ के बाद श्रद्धालुओं में गुस्सा दिखाई दे रहा है ।अब लोग पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे है ।वहीं पुलिस मंदिर में हुई पुरानी चोरी का खुलासा नही कर पा रही, जिससे चोर मंदिरो को निशाना बना रहे है। महिला मंडल ने कार्रवाई करने एवं दूसरे मंदिरो में चोरी की पुनरावृति नही होने की बात कही है।

### 22 जुलाई को भोपाल में प्रदर्शन करेंगे बैतूल जिले के पेंशनर्स

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक रविवार 5 जुलाई को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में माह जून के दौरान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स का शाल, श्रीफल, स्वागत पट्टिका एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही 22 जुलाई को भोपाल के अंबेडकर पार्क में आयोजित प्रांत स्तरीय धरना-रैली को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार करते हुए अधिक से अधिक पेंशनर्स से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकलेगी भव्य रैली

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक पड़ापेन ठाना सदर में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर सरियाम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पड़ापेन ठाना से पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पारंपरिक नृत्य के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी। रैली अंबेडकर चौक, रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम, शिवाजी चौक, कलेक्ट्रेट मार्ग, लल्ली चौक, सरदार विष्णु सिंह बस स्टैंड और मुल्ला पेट्रोल पंप होते हुए पुन: अंबेडकर चौक से गुरुद्वारा रोड स्थित आदिवासी मंगल भवन पहुंचेगी। यहां वैचारिक उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि 9 अगस्त से पहले सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी समाज द्वारा एक परिवार-एक पौधा अपने पुरखों के नाम अभियान चलाते हुए प्रत्येक परिवार से पौधारोपण करने की अपील की गई।



# उपजोन समन्वय समिति की बैठक में ली लक्ष्य पूर्ति रिपोर्ट

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की उप जोन समन्वय समिति की बैठक रविवार को गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में हुई। बैठक में जोन समन्वय समिति के सह समन्वयक रामचंद्र गायकवाड़ ,जोन समन्वय समिति के शिक्षण प्रशिक्षण शिविर प्रांतीय के दिनेश देशमुख , उपजोन समन्वयक मानसिंह चौधरी, जिला समन्वय समिति के संरक्षक डॉ कैलाश वर्मा की उपस्थिति में बैतूल, पांढुरना ,बालाघाट,छिंदवाड़ा एवं जिला, समन्वय समिति ,एव सह समन्वयकों उपस्थित रहे ।जिसमें उपजोंन समन्वयक मानसिंह चौधरी ने गोष्ठी का मूल उद्देश्य बताया एवं शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित कार्यों के लक्ष्य पूर्ति की त्रेमासिक जानकारी ली। प्रत्येक जिला समन्वयको के द्वारा अपने अपने जिले की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ।जोन सह समन्वयक शिक्षण प्रशिक्षण प्रांतीय, दिनेश देशमुख ने संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने विशेष मार्गदर्शन दिया ।जोन सह समन्वयक एवं गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामचन्द्र गायकवाड़ ने कैसे हो हमारे कार्यकर्ता,एवं कैसे हो हमारे प्रज्ञा संस्थान विषय पर शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण भाव से नियमित गुरु कार्य हेतु दो घंटे का समयदान अनिवार्य रूप से देने एवं प्रज्ञा संस्थानों को मिनी शांतिकुंज के रूप में कार्य करते हुए क्षेत्र में मिशन की गतिविधियों को विस्तार देने की बात कहीं ।कार्यक्रम समापन के पूर्व उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला स्तर पर एवं तहसील स्तर पर गोष्ठी लेकर जन्म शताब्दी वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने हेतु कार्य करने का संकल्प लिया।



शिविर | ब्रेन को स्वस्थ रखने के पांच मंत्र देकर डॉ . सिकंदर आडवाणी ने किया जागरूक

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक लोगों ने कराया परीक्षण

**बैतूल।** विश्वकर्मा मंदिर बैतूल गंज में रविवार को विश्वकर्मा समाज समिति एवं समाज के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में स्व.अभिषेक मालवी, स्व.शैलेन्द्र मालवी एवं स्व.राजेश मालवी की स्मृति में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ आयोजित इस सेवा कार्य में सभी समुदायों के 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, चिकित्सकीय परामर्श लिया तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैतूल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर अमरावती से पधारे सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सिकंदर आडवाणी ने बैतूल वन ब्रेन अभियान के माध्यम से मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के पांच महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने प्रतिदिन 20 से 25 मिनट पैदल चलने, 6 से 7 घंटे की पर्याप्त नींद लेने, ब्लड प्रेशर और शुगर को नियंत्रित रखने, सामाजिक रूप से लोगों से जुड़े रहने तथा जीवनभर कुछ नया सीखते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क को जितनी चुनौती दी जाएगी, वह उतना ही सक्रिय रहेगा। तंबाकू को मस्तिष्क के लिए सबसे खतरनाक बताते हुए इससे पूरी तरह दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि इन पांच आदतों को अपनाकर लगभग 10 बीमारियों के खतरे को 45 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण दिखाई देने पर चार घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी है और इन स्वास्थ्य आदतों को अपनाने का सकारात्मक परिणाम छह माह के भीतर दिखाई देने लगता है। कार्यक्रम में बैतूल रेडक्रॉस सोसायटी के जिलाध्यक्ष एवं सिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अरुण जयसिंहपुरे तथा सुभद्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विनय सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में अमरावती के डॉ. सिकंदर आडवाणी के साथ डॉ. अनंत काकोनी, डॉ. यमन पात्रे, डॉ. अंगद, डॉ. पवन इंगोले, राहुल, हरीश, साहिल, सैयद शबीर, मिश्राजी, स्नेहल, समीक्षा, अश्विनी, अंचल, मनीषा और रूचि साकरे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान बाहर से पधारे सभी चिकित्सकों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। विश्वकर्मा समाज समिति जिला बैतूल ने इस सफल आयोजन के बाद भविष्य में और भी वृहद स्तर पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की।




# नपा क्षेत्र का स्नेह हमेशा याद रखूंगा : मेश्राम

**सारनी।** नपा क्षेत्र में मिला स्नेह सदैव याद करुँगा। नपा सारनी में सात वर्ष तक सेवा देने के बाद सारनी से सेवानिवृत हुआ हूँ। उपरोक्त उदगार नपा सारनी से सेवानिवृत सीएमओ सीके मेश्राम ने ठेकेदार संघ द्वारा आयोजित बिदाई समारोह में व्यक्त किये है। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि सीएमओ के प्रयास से पीएम स्वनिधि योजना में सारनी नपा को देश में द्वितीय और मप्र में मिला प्रथम स्थान पर रही है। उन्होंने कहा कि श्री मेश्राम के कार्यकाल में नपा क्षेत्र में काफी विकास एवं सौंदर्यकरण कार्य हुआ है। रविवार लक्ष्मी लान में सेवानिवृत हुए सीएमओ सीके मेश्राम को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, प्रभारी सीएमओ हितेस्य शाक्य नेता प्रतिपक्ष पिटिश नागले, पार्षद, ऐल्डरमेन नपा इंजीनियर सहित नपा के अन्य विभागों अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे.सेवानिवृत सीएमओ सीके मेश्राम का पार्षदों,नगर पालिका ठेकेदार संघ द्वारा पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा ने कहा की अनुभव शील सीएमओ ने क्षेत्र के विकास की इबादत लिखने में अहम भूमिका निभाई है। नेता प्रतिपक्ष प्रिंटिस नागले एवं तिरुपति एरुल ने कहा की यह विदाई नहीं सम्मान का कार्यक्रम है,नपा में लगातार 7 साल शहर को विकास की गति देने में महती भूमिका निभाई है। रंजीत सिंह ने कहा की पाथाखेड़ा क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए भव्य स्टेडियम की सौगात दिलाने में बडा योगदान रहा है।

